## खबर संक्षेप

### साहसिक कैंप मनाली में प्रतिनिधित्व करेंगे खूबचंद

**महासमुंद।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर अंतर्गत संचालित शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको जिला महासमुंद में अध्ययनरत बीए द्वितीय का छात्र खूबचंद पटेल का इस वर्ष मनाली में 15 नवंबर से 24 नवंबर तक आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय साहसिक कैंप 2024 के लिए चयन हुआ है। प्रभारी प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर के मार्गदर्शन में छात्र खूबचंद द्वारा कैंप में सम्मिलित होने के लिए सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई है। दीवान ने बताया यह गर्व की बात है कि गत वर्ष भी इस महाविद्यालय से स्वयं सेवक नितेश यादव ने राष्ट्रीय युवा उत्सव नासिक में प्रतिनिधित्व किया था। एडवेंचर्स कैम्प के लिए खूबचंद पटेल का चयन होने पर फलेश दीवान एवं सहायक प्राध्यापकों एवं सभी स्टाफ व स्वयं सेवकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

**तैयारी:** जो व्यक्ति 1 अक्टूबर 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके होंगे, वे मतदाता सूची में होंगे शामिल

# अपर कलेक्टर ने राजनीतिक दलों की बैठक लेकर दी संशोधित निर्वाचक नामावली कार्यक्रम की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर पालिकाओं के आगामी आम निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। यह कार्यक्रम 1 अक्टूबर 2024 की अर्हता तिथि को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रवि कुमार साहू ने राजनीतिक दलों की बैठक लेकर संशोधित निर्वाचक नामावली कार्यक्रम की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार निर्वाचक नामावली में दावा-आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर 2024 को अपराह्न 3 बजे तक है तथा दावा-आपत्तियों का निपटारा 24 नवंबर 2024 तक किया जाएगा। प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 27 नवंबर 2024 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है तथा इन दावों का निराकरण 30 नवंबर 2024 तक किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 11 दिसंबर 2024 को किया जाएगा।



ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 1 अक्टूबर 2024 की अर्हता तिथि के अनुसार फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने का आदेश जारी किया गया है। अब जो मतदाता 1 अक्टूबर 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके होंगे, वे आगामी स्थानीय नगरीय निकाय निर्वाचन में मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। पूर्व में निर्वाचक नामावली के लिए 01 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि निर्धारित की गई थी। किंतु, राज्य शासन द्वारा नगरीय प्रशासन अधिनियम में संशोधन उपरांत 01 अक्टूबर 2024 की तिथि निर्धारित की गई है, जिसका प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में किया जा चुका है। यह प्रक्रिया चुनाव में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है, ताकि सभी योग्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में जारी आदेश में संशोधन किया गया है। जिसके तहत अर्हता तिथि अनुसार मतदाता सूची में नाम शामिल करने, हटाने तथा अद्यतन करने का कार्य किया जा सकेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि किसी मतदाता के नाम, फोटो या अन्य विवरण में कोई त्रुटि हो तो उसे समय रहते सुधरवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब नवीन अहर्ता तिथि अनुसार हर योग्य व्यक्ति को मतदान का अधिकार मिल सकेगा तथा चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होगा।

## चिरको कॉलेज में जनजातीय गौरव दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत- ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान के विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत रूमेकेल के सरपंच पवन कुमार ध्रुव रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता समाजिक कार्यकर्ता गुलाब ठाकुर ने जनजातीय जननायक रानी दुर्गावती, शहीद वीर नारायण सिंह एवं भगवान बिरसा मुंडा, गुंडाधुर एवं तिलका मांझी आदि जनजातीय समाज के हुतात्मा बलिदानियों की चर्चा करते हुए उनके सामाजिक आर्थिक आध्यात्मिक विषयों के साथ उनके जीवन और उनके योगदान के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको की प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान ने जनजातियों के भौगोलिक दृष्टि से उनकी शारीरिक बनावट और उनकी उत्पत्ति पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सरपंच पवन



कुमार ध्रुव ने भगवान बिरसा मुंडा एवं शहीद वीरनारायण सिंह की जीवनी और उनके योगदान पर जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में बांस शिल्पकार घांसीराम कमार एवं ललित कुमार ध्रुव द्वारा बांस शिल्प कला कृतियों के बारे में छात्र-छात्राओं को प्रदर्शित कराया और उनके बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान जनजातीय समाज से संबधित रंगोली, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बहुत से छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें से प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को उपहार एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा जनजातीय विषय पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम गौर, परब, संथाली, कर्मा, रेलो नृत्य का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन मनहरण ठाकुर सहसंयोजक तथा आभार प्रदर्शन लता भोई संयोजक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विकास अग्रवाल अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय चिरको, तरूण कुमार ध्रुव सहायक प्राध्यापक, कार्यालय प्रभारी फलेश दीवान, ऋषि वर्मा, अतिथि व्याख्याता राखी यदु, दीक्षा गजेंद्र, प्रेमलता सेंदरिया, हेमलता नायक, डा. जीवन लाल चंद्राकर, सविता पटेल एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

## सिंघोड़ा में अघरिया समाज की महासभा 17 को, वित्तमंत्री चौधरी होंगे शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

मां रूद्रेश्वरी मंदिर सिंघोड़ा में अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति रायगढ़ का 30वां महासभा का आयोजन आगामी 17 नवंबर को किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी शामिल होंगे। अतिविशिष्ट अतिथियों में महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय अध्यक्ष डॉ भुनेश्वर पटेल करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर परिक्षेत्र में बैठकों का दौर जारी है और कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जा रही है। महासभा में 16 नवंबर को कुछ घंटों के लिए आंशिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। जबकि, मुख्य कार्यक्रम 17 नवंबर को आयोजित है। कार्यक्रम की सफलता के लिए समाज के पदाधिकारी एवं समस्त केंद्रीय आंचलिक पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

## ओपन राज्य शतरंज प्रतियोगिता में 140 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा




**महासमुंद।** मुंगेली चैंपियन ट्रॉफी ओपन राज्य शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन मंगल भवन मुंगेली में 9 व 10 नवम्बर को किया गया। इस स्पर्धा में सभी आयु वर्ग के 140 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रणजीत सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमंत खुटे सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवीण वैष्णव, विश्वराज सिंह, परमानंद सिंह, महेंद्र सिंह व लवलेश सिंह मंचस्थ रहे। इस स्पर्धा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 140 खिलाड़ी प्रतिभागी रहे।


## देवउठनी एकादशी पर्व पर किया तुलसी विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

देवउठनी एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर तुलसी विवाह के मंडप में उपयोग होने वाले गन्ने की बाजार के अलावा केला सेब दुकानें भी सुबह से सज गए और खूब बिके। यह त्यौहार जेठउठनी एकादशी के कार्तिक मास शुक्ल पक्ष एकादशी को मनाया जाता है।

इस दिन भगवान श्री हरि चार महीने की योग निंद्रा से जागते है। तभी मांगलिक कार्य शुरू होते है। इस पर्व पर लाल कांदा, पोथी वाली कोचई का बड़ा ही महत्व होता है।

अधिकांश घरों में अपने ईष्टदेव की पूजन कर लाल कांदा, कोचई एवं नए चावल आटे से बना पकवान बनाकर भोग लगाते है। पौराणिक कथा के अनुसार



भगवान विष्णु के शरीर से ही देवी एकादशी की उत्पत्ति हुई थी, जब जगत के पालनहार भगवान हरि योग निंद्रा में सो रहे थे, तब मूर राक्षस उन पर आक्रमण करने वाला था, उसी समय भगवान हरि नारायण के शरीर से एक दिव्य स्वरूप वाली देवी प्रकट हुई। उन्होंने भीषण युद्ध में दैत्य मूर का वध कर दिया। देवउठनी एकादशी शाम घरों के आंगन में आकर्षक ढंग से रंगोली बनाए गए।

## केंद्रीय विद्यालय में छात्रों को दी गई साइबर सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में संजय कंसल प्राचार्य केवि के मार्गदर्शन एवं लोकेश सिंह शिक्षक कंप्यूटर साइंस के संयोजन में साइबर अपराध संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रतिभा चन्द्रा डीएसपी ने महिला आरक्षक अन्नू भोई, निकिता केरकेट्टा, आरक्षक चंपलेश सिंह ठाकुर के साथ केंद्रीय विद्यालय के कक्षा नवमी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को साइबर अपराध के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए सभी को जागरूक होने एवं साइबर अपराध



से बचने आवश्यक जानकारी प्रदान किए। जिज्ञासु विद्यार्थियों द्वारा पूछे प्रश्नों एवं साइबर समस्याओं का समाधान कर विभिन्न पहलुओं के बारे में ओटीपी शेयर नहीं करने एवं अज्ञात लिंक में जानकारी नहीं देने। बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को अमूल्य जानकारी प्रदान किए। अन्नू भोई ने अभिव्यक्ति एप के बारे में रोचक जानकारी से सभी को अवगत कराकर इस ऐप की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए अपनी बात रखी। कार्यशाला को प्राचार्य संजय कंसल ने संबोधित करते हुए पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को जागरूक रहने की सलाह दी।

कार्यक्रम में सुरेश कुमार सिंह, रोहिता, सीमांचल प्रधान, विवेकानंद, वंदना, शिवानी, आर्यन, जितेंद्र कुमार चंद्राकर, घनश्याम साहू, तुलसी राम चंद्राकर, दशरथ राम, भूमिका पराशर, विवेक, अभिषेक नायक, सीताराम, मनीषा, भूमिका साहू, हुलसी साहू, रवीना, सीताराम पटेल आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन लोकेश सिंह ने किया।

### नगर पालिका के आम निर्वाचन के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी

**महासमुंद।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर पालिकाओं के आगामी आम निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। यह कार्यक्रम 1 अक्टूबर की अर्हता तिथि को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली में दावा-आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर को अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके बाद दावा-आपत्तियों का निपटारा 24 नवंबर 2024 तक किया जाएगा। प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 27 नवंबर 2024 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। इन दावों का निराकरण 30 नवंबर 2024 तक किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 11 दिसंबर 2024 को किया जाएगा।













